प्रेस नोट

जनपद मुजफ्फरनगर दिनांक 20.04.2025

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 02 शातिर वाहन चोर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की 04 गाडियां व अवैध शस्त्र मय कारतूस बरामद-**

दिनांक 20.04.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त व0उ0नि0 श्री नरेन्द्र सिंह मय हमराहिगण द्वारा 02 शातिर वाहन चोर अभियुक्तगण 1.आरिफ पुत्र जमशेद निवासी मोहल्ला मक्की नगर थाना खालापार जिला मुजफ्फरनगर 2.मोहसीन पुत्र इकबाल निवासी मोहल्ला नई आबादी, कूँजड़ों वाली मस्जिद के पास थाना खालापार जिला मुजफ्फरनगर को चेकिंग के दौरान रोहाना टोल प्लाजा से 600 मीटर पहले कच्ची कालोनी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 04 कार (एक कार अल्टो रंग स्लेटी सम्बन्धित मु0अ0सं0 638/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना शालीमार गार्डन गाज़ियाबाद, एक कार बैगनार रंग सिलवर जिसका इंजन व चैसिस नम्बर घिसा हुआ है,एक कार अल्टो लाल रंग, एक कार ईको रंग सफेद सम्बन्धित मु0अ0सं0 211/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना देवबन्द सहारनपुर) तथा 01 अदद तमंचा .315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर एवं 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किये गये। अभियुक्तगण से बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 - 126/2025 धारा 318(4)/336(2)/317(2)/317(5)/338 बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 20.04.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री विक्रान्त कुमार मय हमराहिगण मु0अ0स0 152/25 धारा 137(2)/87 बीएनएस में वांछित अभियुक्त जावेद पुत्र मुस्तकीम निवासी मौहल्ला इस्लमानगर कस्बा व थाना खतौली मु0नगर को लोहे के पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार-**

दिनांक 20.04.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री अमित चौधरी मय हमराहिगण द्वारा अभियुक्तगण 1. तसलीम पुत्र हामिद निवासी कैली थाना दौराला जनपद मेरठ 2. अब्दुल्ला पुत्र हामिद निवासी कैली थाना दौराला जनपद मेरठ को अण्डर पास ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त तसलीम उपरोक्त के कब्जे से एक नाजायज तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कार0 315 बोर व अभियुक्त अब्दुल्ला के कब्जे से 01 नाजायज चाकू बरामद किये गये। जिसके सम्बन्ध में थाना खतौली पर मु0अ0स0 159/25 धारा 3/4/25 ए.एक्ट पंजीकृत किया गया।

➢ <u>**थाना तितावी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार-**</u>

दिनांक 20.04.2025 को थाना तितावी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अनिल कुमार मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 5857/9/21 धारा 4/25 आयुद्ध अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त बिल्ला उर्फ गुडडू पुत्र यासीन निवासी बघरा थाना तितावी को तिरपडी भटटे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना तितावी पर मु0अ0स0 84/25 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 पंजीकृत किया गया।

➢ <u>**थाना तितावी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार -**</u>

दिनांक 20.04.2025 को थाना तितावी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अशोक कुमार मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 2311/9/19 धारा 379 भादवि मे वारण्टी अभियुक्त आबाद पुत्र रफीक निवासी ग्राम बुढीना खुर्द थाना तितावी मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ <u>**थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा ई-रिक्शा लूटकर चालक की हत्या करने के अभिय़ोग का सफल अनावरण, 01 अभियुक्त गिरफ्तार, निशादेही से मृतक का शव बरामद-**</u>

दिनांक 19.04.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त निरीक्षक अपराध श्री दिनेश चन्द मय हमराहीगण दवारा ई-रिक्शा लूटकर चालक की हत्या करने के अभियोग मु0अ0स0 200/25 धारा 140(3) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त सचिन पुत्र कर्मपाल निवासी अमित विहार कूकडा थाना नई मण्डी मुजफ्फरनगर को जौली रोड ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही से मृतक शुभमपाल का शव बरामद किया गया तथा शव को बाद पोस्टमार्टम परिवारजन के सुपुर्द किया गया। उक्त अभियोग में धारा 140(3) बीएनएस का लोप करते हुए धारा 103,238,309(4) बीएनएस की वृद्धि की गयी है।